पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि

स्रोत: पी.आई.बी.

प्रधानमंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को उनकी **पुण्यतिथि पर** श्रद्धांजलि अर्पित की। उनका देहांत **11 फरवरी 1968** को हुआ था।

//



- **परिचय:** इनका जन्म **25 सितंबर 1916** को हुआ और यह भारतीय **राजनीतिज्ञ, दार्शनिक** और RSS **एवं** भारतीय जनसंघ (BJS) (भारतीय जनता पार्टी के पूर्ववर्ती) के विचारक अथवा सिद्धांतकार थे।
- **योगदान:** उन्होंने **अंत्योदय** अर्थात समाज में सबसे आखिरी व्यक्ति के उत्थान और **सर्वाधिक सुविधावंचितों** की आवश्यकताओं को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित किया।
  - यह **"समग्र मानवतावाद" दर्शन** के प्रणेता थे जिसमें कल्याण, सामाजिक न्याय, आर्थिक समानता और आत्मनिर्भरता पर ज़ोर दिया गया।
- **मान्यता:** राष्ट्र के प्रति उनके योगदान के सम्मान में **वर्ष 2014 से 25 सितंबर** को उनकी जयंती को **अंत्योदय दिवस** के रूप में मनाया जाता है।
  - **वर्ष 2015** में, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM) के नाम में परिवर्तन कर इसे दीनदयाल अंत्योदय योजना-NRLM कर दिया गया।
  - वर्ष 2018 में उत्तर प्रदेश में **मुगलसराय जंक्शन** का नाम बदलकर उनके नाम पर रखा गया।

और पढ़ें: संगठन से समृद्धि: DAY-NRLM

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/death-anniversary-of-pt-deendayal-upadhyaya